तापमान

अधिकतम 29 .6 डिग्री
न्यूनतम 10 .0 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि

**रोहतक**, बुधवार, 19 फरवरी 2025



11 शहर में पॉलिथीन के खिलाफ चलाया अभियान





12 नहरी पानी और मिट्टी चोरी का आरोप




# मेयर उपचुनाव : 3 के नामांकन रद, अब मैदान में 5 उम्मीदवार

**आज नामांकन वापसी का दिन**

**संभवतः पांच प्रत्याशियों के बीच होगी टक्कर**

■ भाजपा, कांग्रेस, आप और बसपा के अलावा एक निर्दलीय उम्मीदवार लड़ेंगे चुनाव

■ नामांकन वापसी का समय 3 बजे तक, उसके बाद वितरित किए जाएंगे चुनाव चिन्ह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

नगर निगम मेयर उपचुनाव को लेकर जारी नामांकन के दौर में मंगलवार को नामांकन पत्रों की छंटनी का कार्य किया गया। नामांकन पत्रों की जांच के दौरान मेयर उपचुनाव के लिये दाखिल किए गए नामांकनों में से तीन नामांकन रद्द किए गए। इनमें निर्दलीय उम्मीदवार के दो और कवरिंग उम्मीदवार का एक नामांकन रद्द किया गया। बुधवार को नामांकन वापस लेने का दिन रहेगा। दोपहर 3 बजे तक कोई भी प्रत्याशी अपना नामांकन वापस ले सकता है। इसके बाद जो भी प्रत्याशी चुनाव मैदान में डटा रह जाएगा, उन्हें निर्वाचन आयोग की तरफ से चुनाव चिन्ह दे दिया जाएगा। नगर निगम कार्यालय में रिटर्निंग अधिकारी अभय सिंह जांगड़ा और सहायक रिटर्निंग अधिकारी सिद्धार्थ सिंह की देखरेख में मेयर उप चुनाव के तहत आए नामांकन पत्रों की जांच की गई। इनमें सभी आठ नामांकन पत्र ठीक पाए गए थे। इनमें निर्दलीय उम्मीदवार रमेश कुमार खत्री ने तीन नामांकन कर रखे थे। जिसमें से एक नामांकन को स्वीकृत किया गया और दो नामांकन पत्रों को रद्द किया गया। वहीं, भाजपा उम्मीदवार राजीव जैन के कवरिंग उम्मीदवार उनके बेटे दिव्यांक जैन का नामांकन रद्द किया गया। मेयर उप चुनाव को लेकर भाजपा उम्मीदवार राजीव जैन, कांग्रेस उम्मीदवार कमल दिवान, आप उम्मीदवार डॉ. कमलेश कुमार सैनी, बसपा उम्मीदवार धर्मबीर और निर्दलीय उम्मीदवार रमेश खत्री रहे गए हैं।




### जानकारी झूठी मिलने पर केस

रिटर्निंग अधिकारी ने कहा कि प्रत्याशी इस बात का विशेष ख्याल रखे कि उन्होंने जो भी जानकारी नामांकन पत्र में दर्ज की है वह सत्य है। अगर किसी भी स्तर पर कोई जानकारी छिपाई गई होगी या झूठी पाई जाती है तो प्रत्याशी पर न केवल जुर्माना लगाया जाएगा बल्कि उसके खिलाफ मुकदमा कराया जाएगा।

# चलती कार में आग लगी दिल्ली का युवक जिंदा जला



**खरखौदा।** राष्ट्रीय राजमार्ग-334बी पर गांव रोहणा के पास मंगलवार को दर्दनाक हादसा हो गया। चलती कार में अचानक आग लगने से चालक की जलकर मौत हो गई। आग इतनी भयावह थी कि देखते ही देखते पूरी कार जल गई। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की गाड़ी मौके पर पहुंची। दमकल कर्मियों ने मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक कार सवार चालक की जान जा चुकी थी।पुलिस ने बताया कि हादसे में मृतक की पहचान दिल्ली के रोहिणी निवासी दीपक के रूप में हुई है। दीपक ने दिल्ली के कुतुबगढ़ में मामा-भांजा गारमेंट्स के नाम से दुकान चला रहे थे। वह मंगलवार को रोहतक से दिल्ली के रोहिणी की ओर जा रहे थे। जब वह गांव रोहणा के पास से गुजर रहे थे तो उनकी कार में आग लग गई। पुलिस का कहना है कि कार टाटा कंपनी के अल्ट्रोज मॉडल की है। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि हाईवे पर गुजर रही कार में अचानक आग लगी। आग की लपटे इतनी तेज थी कि कार धू-धूकर जलने लगी। इससे हाईवे पर हड़कंप मच गया।

## खबर संक्षेप

### चोरी की नीयत से घुसे युवक को दबोचा

**गोहाना।** गांव गढ़ी उजाले खां के नरेश ने पानीपत चुंगी के निकट बिजली के सामान की दुकान कर रखी है। दुकान के साथ ही गोदाम व मकान है। उसने पुलिस को बताया कि सोमवार रात को उसे गोदाम के अंदर से आवाज सुनाई दी, जिससे उसकी नींद खुल गई। उसने देखा की दो युवक ताला तोड़ कर चोरी करने की कोशिश कर रहे हैं। उसने पड़ोसियों की मदद से दोनों को पकड़ लिया। युवकों ने अपनी पहचान गांव गढ़ी सराय नामदार खां के अंकित और नई बस्ती के अजय के रूप में दी। दोनों को पुलिस के हवाले कर दिया। आठ फरवरी को भी उसकी दुकान में चोरी हुई थी।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक लापता, केस

**खरखौदा।** रामपुर गांव में अपनी ससुराल में मिलने आया एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया है। रामपुर निवासी जसबीर सिंह ने बताया कि उसका दामाद सुनील दिल्ली से रामपुर गांव में उनसे मिलने आया था। मुलाकात करके जब वह अपनी मोटरसाइकिल पर सुल्तानपुर के लिए लौट गया। लेकिन घर नहीं पहुंचा। उसका फोन भी बंद आ रहा है। उन्हें शक है कि किसी ने उसके दामाद को कहीं छुपाया हुआ है। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

### चांदी के आभूषण और नकदी चोरी

**सोनीपत।** कुंडली थाना क्षेत्र में कमरे से हजारों रुपयों की राशि व चांदी की पायल के चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। प्याऊ मनियारी निवासी अतुल कुमार ने बताया कि वह काले के मकान में रहता है। वह अपने पापा के पास कमरे में लेटा हुआ था। किसी ने दूसरे कमरे से 20 हजार रुपये की राशि व चांदी के जेवरात सहित अन्य सामान गायब मिला।

### विवाद में युवक पर हवाई फायरिंग का आरोप

**गन्नौर।** गुमड गांव में प्लाट में बैठे व्यक्ति के साथ गांव के ही व्यक्ति ने गाली-गलौज कर कई हवाई फायर कर दिए। पुलिस को दी शिकायत में गुमड गांव निवासी विकास ने बताया कि वह 16 फरवरी की रात को अपने बेटे कुणाल के साथ प्लाट में था। इस दौरान गांव का मनोज अपने साथियों के साथ गाड़ी में आया। मनोज हाथ मे पिस्तौल लिए हुए था। मनोज ने पहले उसे गालियां दी और उसके बाद हवाई फायर किए। आरोपित मनोज जाते हुए उसे जान से मारने की धमकी देकर मौके से अपने साथियों सहित फरार हो गया।

# खरखौदा: नगर पालिका के अध्यक्ष पद के लिए एक उम्मीदवार का नामांकन रद

**खरखौदा।** नगरपालिका खरखौदा चुनाव को लेकर मंगलवार को नामांकन पत्रों की जांच की गई। निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम डॉ निर्मल नागर ने बताया कि खरखौदा नगर पालिका के अध्यक्ष पद के लिए 8 उम्मीदवारों के नामांकन किया था।

जांच प्रक्रिया के दौरान एक उम्मीदवार का नामांकन रद्द किया गया है। चूंकि हीरालाल इंदौरा भाजपा के अधिकृत उम्मीदवार हैं और उनके नामांकन के दस्तावेज सही पाए गए। ऐसे में कवरिंग उम्मीदवार के तौर पर उनकी पुत्री दीपाली के नामांकन पत्र रद्द कर दिया गया है। हीरालाल इंदौरा के अलावा अध्यक्ष पद के लिए जो उम्मीदवार बचें में उनमें मैक्सीन ठेकेदार, रिंपल देवी, किरण, ममता मेहरा सैनी, रिंकेश व ओमबीर राठी के नाम शामिल हैं। रिटर्निंग अधिकारी ने बताया कि बुधवार शाम 3 बजे तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। फिर शेष बचे उम्मीदवारों को बुधवार को ही चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे। निर्वाचन अधिकारी ने नामांकन पत्रों की जांच पड़ताल के दौरान उम्मीदवारों को आगाह किया कि यदि किसी भी उम्मीदवार ने शपथ पत्र व अन्य दस्तावेजों में झूठी जानकारी निकली तो उसके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पार्षद पदों के लिए हुई जांच पड़ताल के दौरान कोई नामांकन रद्द नहीं हुआ है। अभी तक पार्षद पद के ये उम्मीदवार हैं।



**खरखौदा।** नामांकन पत्रों की जांच करते अधिकारी।

### पार्षद पद के सभी 54 नामांकन सही

- वार्ड 1 से हरिओम, मोनू व दिनेश
- वार्ड 2 से लक्ष्मी, सोनिया, ज्योति व नीतू
- वार्ड 3 से अजय राठौर, जितेंद्र कुमार, प्रदीप सैनी, संदीप और नवीन दहिया
- वार्ड 4 से पूर्व पार्षद प्रेम उर्फ लीला, पूर्व पार्षद मोहन, जसबीर व सोनू सैनी
- वार्ड 5 से सीमा व सुशीला कुमारी
- वार्ड 6 से अनीता, प्रमोद, ललित व युजवेंद्र खोखर,
- वार्ड 7 से अनूप, सोहन कुमार, रवि कुमार, अनुराधा, महावीर सिंह व राज कुमारी
- वार्ड 8 से कृष्ण, श्रीभगवान व रणजीत
- वार्ड 9 से संदीप और संजय
- वार्ड 10 से मीनू, वीणा व मीना
- वार्ड 11 से सरिता, सोमवती और पवन कुमारी
- वार्ड 12 से सिर्फ पूनम सैनी
- वार्ड 13 से श्यामपाल सैनी, गोपाल, मनीष, राजबीर, रामभज व पुनीत
- वार्ड 14 से अंजू देवी, सीमा व मनीषा रानी
- वार्ड 15 से अनिल कुमार व कुलवंत
- वार्ड 16 से मुकेश सैनी, उनकी पत्नी रेखा व पवन

### वंश हत्याकांड में आरोपी की पत्नी गिरफ्तार

**सोनीपत।** शहर के प्रगति नगर में पावरलिफ्टर वंश की गोली मारकर हत्या करने के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपित के नाबालिग बेटे के बाद अब उसकी पत्नी को भी गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित महिला को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भज दिया। मुख्य आरोपित वारदात के बाद से फरार है। पुलिस टीमें उसकी गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है। विकास नगर निवासी वंश (20) पावरलिफ्टर था। वह स्नातक की पढ़ाई करने के साथ ही परिवार के दूध के कारोबार में हाथ बंटाता था। रविवार की दोपहर को वह प्रगति नगर में रहने वाली अपनी सहपाठी अक्षिता के घर आया था। इस दौरान उसने अपनी बाइक को गली में खड़ी कर दिया। बाद में विवाद होने पर उसे आरोपी ने पांच गोलियां मार दी थी।

### बठिंडा एक्सप्रेस से यात्री नीचे गिरा, मौत

**सोनीपत।** अंबाला-दिल्ली रेलमार्ग पर बठिंडा एक्सप्रेस से गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। यात्रियों ने इसकी सूचना स्टेशन मास्टर को दी। जिसके बाद मौके पर पहुंची जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल भिजवा दिया है। शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। जीआरपी पहचान के प्रयास कर रही है। जीआरपी से जांच अधिकारी एएसआई भगत राम ने बताया कि अंबाला से दिल्ली की तरफ जाने वाली गाड़ी संख्या 14508 बठिंडा एक्सप्रेस मंगलवार को जब सोनीपत रेलवे स्टेशन पहुंची, तभी चलती ट्रेन से करीब 53 वर्षीय व्यक्ति नीचे गिर गया। हादसे में पैर टूटने व सिर में लगी गंभीर चोट के कारण व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची जीआरपी की टीम मौके पर पहुंची।

# नाबालिग बेटी से दुष्कर्म करने के दोषी को 20 साल कैद व जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

शहर थाना क्षेत्र में सौतले पिता ने नाबालिग बेटी को हवस का शिकार बनाने व नाबालिग लड़की आरोपित के बच्चे की मां बनाने के आरोपित को अदालत ने दोषी करार दिया है। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश नरेंद्र की अदालत (फास्ट कोर्ट) ने दोषी को 20 साल कैद की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर पचास हजास रुपये का जुर्माना लगाया है। जुर्माना राशि अदा न करने पर दोषी को छह माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। एक लड़की ने 28 नवबंर 2023 को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि उसके पिता पप्पू की करीब 18 साल पहले मौत हो गई थी। उसके मामा ने उसे गौद ले लिया था। करीब नौ साल पहले उसकी मां ने राजू निवासी बुलंदशहर के साथ शादी कर ली। उसके बाद वह अपनी मां के साथ रहने लगी। लड़की ने बताया कि हाल में उसकी आयु 17 वर्ष है। जब वह 14 साल की थी उसका सौतेला पिता राजू ने उसके साथ जबरदस्ती गलत काम किया। उसके बाद वह उसके साथ गलत काम करता रहा। करीब एक साल पहले वह सोनीपत शहर थाना क्षेत्र में आकर रहने लगे। उसने करीब तीन माह पहले बच्चे को जन्म दिया। पीड़िता ने बताया कि वह उसकी मां उसकी शादी करने लगी। उसकी मां दिव्यांग है। उसका सौतेला पिता इसका विरोध करने लगे। मामले को लेकर उसने पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में आरोपित के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में कार्रवाई करते हुए तत्कालीन जांच अधिकारी एसआई उषा की टीम ने आरोपित को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया था। पुलिस ने बच्ची के गर्भ में पल रहे बच्चे का डीएनए करवाया जोकि आरोपित के डीएनए के साथ मैच हो गया था। मंगलवार को मामले में सुनवाई करते हुए एएसजे नरेंद्र की अदालत ने 6 पॉक्सो एक्ट में दोषी करार देते हुए 20 साल कैद की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर 50 हजार रुपये जुर्माना लगाया है। जुर्माना अदा न करने पर दोषी को छह माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।






# नशा खरीदने के लिए पैसे देने से इनकार करने पर युवक ने चचेरे भाई की छाती में चाकू घोंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

सिविल लाइन थाना क्षेत्र के सुंदर सांवरी की डेहा बस्ती में नशे के लिए रुपये न देने पर चचेरे भाई की छाती में चाकू मार कर हत्या कर दी। आरोप है कि वो नशे के लिए रुपये मांग कर रहा था। मना करने पर वारदात को अंजाम देकर फरार हो गया।

■ वारदात का वीडियो मोबाइल में कैद

■ पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया

मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। जहां फॉरेंसिक चिकित्सक न होने के चलते शव को महिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल खानपुर रेफर कर दिया। जहां शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है।डेहा बस्ती निवासी सोनू कश्यप ने बताया कि सोमवार को उसका छोटा भाई विजय (29) और चचेरे भाई आशु के बीच रुपये के लेनदेन को लेकर कहासुनी हो गई। जिस पर उनकी पत्नी ने दोनों को समझा-बुझा कर घर भेज दिया। सोनू ने बताया कि रात को उसका भाई विजय अपने दोस्त मोनू के साथ पवन की दुकान के निकट खड़ा था। इसी दौरान चचेरा भाई आशु वहां पहुंच गया। वह फिर से उसके साथ झगड़ा करने लगा। विरोध करने पर उसने चाकू निकाल कर छाती में मार दिया। चाकू लगने के बाद विजय नाली में गिर गया। आशु चाकू सहित मौके से फरार हो गया। उसने तुरंत अपने भाई को संभाला। मामले की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे। जहां घायल को लेकर अस्पताल में पहुंचे। चिकित्सक ने उसे मृत घोषित दिया। वारदात की सूचना मिलते ही सिविल लाइन थाना पुलिस व एफएसएल की टीम मौके पर पहुंची। जहां जरूरी साक्ष्य जुटा कर शव को शवगृह में रखवाया।

### कहासुनी के बाद आरोपी ने हमला किया



देर रात को हुई वारदात में मोबाइल से वीडियो बनाई जा रही थी। वीडियो में दोनों के बीच कुछ सेकंड बहस होती दिख रही है। आरोपित ने उसे कहा कि घर के आगे वारदात होगी। जिस पर विजय ने उसे थप्पड़ जड़ दिया। थप्पड़ लगते ही आशु ने जेब से चाकू निकाल कर छाती पर वार कर दिया। जिसके बाद विजय जमीन पर गिर गया। बताया जा रहा है आशु नशे के लिए रुपये मांग रहा था। उसे रुपये न देने के बाद दोनों में झगड़ा हो गया। वारदात के बाद हत्यारोपित मौके से फरार हो गया। सिविल लाइन थाना सोनीपत पुलिस ने हत्यारोपित को कुछ घंटे बाद ही गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपित आशु निवासी टेहा बस्ती सुंदर सांवरी का है। पुलिस आरोपित को अदालत में पेश करेगी।

### आरोपी को कोर्ट में पेश करेंगे

चाकू से हमला कर घायल करने की सूचना मिली थी। टीम मौके पर पहुंची। जहां युवक की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने वारदात स्थल से जरूरी नमूने एकत्रित किए गए है। महिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल खानपुर में शव का पोस्टमार्टम करवाया गया है। परिजनों ने वीडियो सौंपी है। हत्यारोपित को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित को अदालत में पेश कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

**-सतबीर सिंह**, प्रभारी, सिविल लाइन थाना



# फिल्म कन्नप्पा से प्रभास का रुद्र लुक रिलीज...

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार प्रभास की आने वाली फिल्म कन्नप्पा से उनका लुक रिलीज हो गया है। फिल्म कन्नप्पा के निर्माताओं ने इस फिल्म से प्रभास का लुक रिलीज कर दिया है। फिल्म कन्नप्पा में प्रभास के किरदार का नाम रूद्र है। फिल्म कन्नप्पा मुकेश कुमार सिंह निर्देशित और एम. मोहन बाबू निर्मित है। हाल ही में निर्माताओं ने भगवान शिव की भूमिका में अक्षय कुमार का एक आकर्षक पोस्टर जारी किया था। इस फिल्म से अक्षय तेलुगू सिनेमा में डेब्यू कर रहे हैं। इस फिल्म का टीजर, कान फिल्म फेस्टिवल में विष्णु मांचू, मोहन बाबू और प्रभु देवा ने दिखाया था।

लाइफ Style

# रश्मिका

## टैग मिलने से नहीं मेहनत से बनता है कॅरियर

साउथ सिनेमा से लेकर बॉलीवुड तक अपनी अलग पहचान बनाने वाली एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना एक समय में 'नेशनल क्रश' के नाम से मशहूर थीं। 28 साल की उम्र में ही वो भारत की टॉप एक्ट्रेसेस में से एक बन चुकी हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान रश्मिका ने कहा कि टैग्स मिलने से करियर नहीं बनता, बल्कि मेहनत, लगन, लोगों का प्यार और उनकी फिल्में मायने रखती हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

2016 में कन्नड़ फिल्म 'किरिक पार्टी' से करियर शुरू करने वाली रश्मिका को लगा था कि ये उनकी पहली और आखिरी फिल्म होगी। रश्मिका मंदाना ने बताया, 'आज मैं 24 फिल्मों के बाद भी यहां हूं। मुझसे ज्यादा सुंदर और टैलेंटेड महिलाएं इंडस्ट्री में हैं, लेकिन मुझे अपनी इस जर्नी पर गर्व है। मैं अपने फैंस से गहराई से जुड़ी हुई हूं और ये मेरे लिए बहुत खास है'। पिछले दो सालों में रश्मिका ने बॉलीवुड और साउथ सिनेमा में दो बड़ी हिट फिल्में दी हैं। 2023 में 'एनिमल' में रणबीर कपूर के साथ काम किया, जिसने 1,000 करोड़ से ज्यादा कमाए। वहीं, 2024 में 'पुष्पा 2: द रूल' में श्रीवल्ली के किरदार में वापसी कर 1,800 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर चुकी है। रश्मिका मंदाना के वर्कफ्रंट की बात करें तो उनकी अगली फिल्म 'छावा' है, जिसमें वे विक्की कौशल के साथ नजर आ रही हैं। ये फिल्म मराठा सम्राट छत्रपति संभाजी महाराज के जीवन पर आधारित है, जिसे लक्ष्मण उतेकर निर्देशित कर रहे हैं। ये फिल्म 14 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। रश्मिका ने कहा, 'अगर साउथ और हिंदी इंडस्ट्री में एक साथ कोई इवेंट हो, तो तय करना मुश्किल होता है लेकिन मुझे हर जगह से इतना प्यार मिला है कि मैं अपनी नींद छोड़कर भी वहां पहुंचना चाहती हूं।



## हॉलीवुड मसाला



# 'कैप्टन अमेरिका' की कमाई में गिरावट...

**लॉस एंजिल्स।** पिछले शुक्रवार को हॉलीवुड फिल्म 'कैप्टन अमेरिकाः ब्रेव न्यू वर्ल्ड' भारत में रिलीज हुई। मार्वल प्रोडक्शन की इस फिल्म को बहुत अच्छा रेस्पॉन्स नहीं मिल रहा है। जानिए, अब तक इस फिल्म ने भारतीय बॉक्स ऑफिस कितना कलेक्शन किया? पांचवे दिन की इसकी कमाई क्या रही। अब तक प्राप्त जानकारी के अनुसार फिल्म 'कैप्टन अमेरिकाः ब्रेव न्यू वर्ल्ड' ने पांचवें दिन लगभग 52 लाख रुपये ही कमाए हैं। यह कमाई पिछले दिनों के मुकाबले कम है। इस हॉलीवुड फिल्म के भारतीय बॉक्स ऑफिस कलेक्शन में लगातार गिरावट आ रही है।



# क्रिस्टोफर की 'द ओडिसी' में नजर आएंगे मैट डेमन

**लॉस एंजिल्स।** क्रिस्टोफर नोलकी की आगामी फिल्म 'द ओडिसी' में मुख्य किरदार निभाने वाले अभिनेता के नाम की घोषणा हो गई है। बता दें कि इस फिल्म में मैट डेमन मुख्य भूमिका में दिखाई देंगे। ये खुशखबरी सामने आते ही अभिनेता के फैंस उन्हें पर्दे पर देखने के लिए बेहद उत्साहित हो गए हैं। अभिनेता मैट डेमन और उनके लुक को लेकर फिल्म के आधिकारिक एक्स अकाउंट पर ये जानकारी दी गई है। पोस्ट में फिल्म रिलीज डेट के बारे में भी बताया गया है। पोस्ट में यह भी बताया गया कि यह फिल्म 17 जुलाई साल 2026 को बॉक्स ऑफिस पर रिलीज होने वाली है। यह कविता ग्रीक कवि होमर ने लिखी है। इसमें इथाका के राजा ओडिसियस की कहानी है, जो ट्रोजन युद्ध के बाद अपने घर लौटने के लिए यात्रा के दौरान कई कठिनाइयों का सामना करते हैं। इस यात्रा में ओडिसियस को कई खतरे उठाने पड़ते हैं।



# एक्टर की परिभाषा बदल रही है...

**मुंबई।** एक्ट्रेस समरीन कौर ने कहा कि एक मॉडल और पेजेंट फाइनलिस्ट के तौर पर अपनी शुरूआत करने वाली समरीन ने बॉलीवुड फिल्मों से अपना डेब्यू नहीं किया, बल्कि उन्होंने पहले म्यूजिक वीडियो के ज़रिए दर्शकों को आकर्षित किया, जिसमें उनका गाना इश्क भी शामिल है। इस पर वे कहती हैं, "एक एक्टर की परिभाषा बदल रही है। समरीन रणवीर सिंह स्टारर फिल्म '83' में काम कर चुकी हैं। समरीन जल्द ही कुछ आपको कुछ बेहद दिलचस्प प्रोजेक्ट्स में नज़र आएँगी। उन्होंने आगे कहा, "आजकल सिर्फ फिल्म डेब्यू काफी नहीं है, बल्कि जरूरी है कि आप अलग-अलग माध्यमों के जरिए दर्शकों से जुड़ें। हालांकि, समरीन ने अपनी सोशल मीडिया प्रेजेंस के जरिए अपने दर्शक कमाए हैं।



# 'द पैराडाइज' का ऐलान शूटिंग होगी शुरू

**मुंबई।** प्रोडक्शन हाउस एसेसलवी सिनेमा ने अपनी अगली फिल्म 'द पैराडाइज' का ऐलान कर दिया है। श्रीकांत ओडेला के निर्देशन में बनने वाली यह फिल्म का ऐलान दिलचस्प पोस्टर के साथ किया गया। फिल्म द पैराडाइज में म्यूजिक की कमान रॉकस्टार अनिरुद्ध रविचंदर ने संभाली है। फिल्म द पैराडाइज में अभिनेता नानी लीड रोल में नजर आएंगे। फिल्म पैराडाइज के निर्माता एसएलवी प्रोडक्शन ने सोशल मीडिया पर एक दिलचस्प पोस्टर शेयर करते हुए लिखा है, हैदराबाद की धड़कनें पूरी दुनिया में गूंजेंगी। द पैराडाइज में रॉकस्टार अनिरुद्ध का म्यूजिक है, निर्देशक श्रीकांत ओडेला है और फिल्म में मुख्य कलाकार नानी हैं। यह फिल्म तीन शानदार ताकतों का मिलाजुला परिणाम होगीः नेचुरल स्टार नानी, निर्देशक श्रीकांत ओडेला, और रॉकस्टार अनिरुद्ध रविचंदर।'

## टीवी मसाला



# अंगूरी भाभी के दीवानों के लिए खुशखबरी...

मुंबई। सबसे लंबे समय तक चलने वाले टीवी कॉमेडी डेलीज में से एक 'भाबी जी घर पर हैं!' के प्रशंसकों के लिए बड़ी खबर है। सालों से दर्शकों के प्यार से सराबोर रहे इस टीवी शो पर फीचर फिल्म बनने जा रही है। इस शो पर शशांक बाली द्वारा निर्देशित फिल्म इसी साल रिलीज होगी, जिसके लिए शूटिंग 15 मार्च से देहरादून (उत्तराखंड) में शुरू होगी। अभिनेता रोहिताश्व गौर (जो मनमोहन तिवारी का किरदार निभा रहे हैं) ने खबर की पुष्टि करते हुए कहा, "जी, वाकई ये सच है! हम बेहद उत्साहित हैं, अभिनेता होने के नाते हम सभी खुद को सिल्वर स्क्रीन पर वापस देखने का सपना देखते हैं और यह हो रहा है। यह एक सपने के सच होने जैसा है। अभिनेत्री विदिशा श्रीवास्तव (जो अनीता मिश्रा का किरदार निभा रही हैं) कहती हैं, "यह हमारे प्रशंसकों के प्यार की वजह से है कि हम इतनी बड़ी छलांग का हिस्सा बन रहे हैं। मैं इस शो से बहुत बाद में जुड़ी, लेकिन आज यह मेरा परिवार है। उन्होंने आगे कहा, "शो का सार बना रहेगा और हम दर्शकों के लिए बहुत सारा धमाल करने का वादा करते हैं। स्टार कास्ट में रोहिताश्व और विदिशा, आसिफ शेख (जो विभूति नारायण मिश्रा का किरदार निभा रहे हैं) और शुभांगी अत्रे (अंगूरी तिवारी) के अलावा अन्य किरदार शामिल होंगे जो शो की सफलता का हिस्सा रहे हैं। 10 साल से प्राइम-टाइम स्लॉट में चल रहा शो के 2,500 से अधिक एपिसोड प्रसारित हो चुके हैं।

# टीवी शो 'शिव शक्ति तप त्याग तांडव' में नजर आएगी घुमारवीं की बेटी..

**घुमारवीं।** मायानगरी मुंबई में हिमाचल प्रदेश के घुमारवीं की रिया शर्मा धूम मचा रही है। कलर चैनल पर लोकप्रिय धारावाहिक महाकाव्य पौराणिक गाथा शिव शक्ति-तप त्याग तांडव में कन्या कुमारी की महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। छोटे पर्दे पर यह धारावाहिक कलर चैनल पर सोमवार से रविवार रात आठ बजे प्रसारित होता है। इससे पहले भी रिया ने स्टार प्लस चैनल में हिट सीरियल तेरी मेरी डोरियां में मन्नत के किरदार से दर्शकों का दिल जीत चुकी है। रिया के पिता व्यवसायी अनिल शर्मा और माता सुनीता शर्मा गृहिणी और समाजसेविका हैं।



# न शोले, न मुगल-ए-आजम, ये है 100 करोड़ कमाने वाली पहली भारतीय फिल्म

**मुंबई।** आज के समय में फिल्मों का बॉक्स ऑफिस पर 100-200 करोड़ रुपये का कलेक्शन करना आम बात हो गई है। लेकिन क्या आप उस पहली भारतीय फिल्म का नाम जानते हैं, जिसने ये आंकड़ा छुआ था? ये उस दौर की बात है, जब फिल्में 10-20 करोड़ ही कमा लें तो ब्लॉकबस्टर की श्रेणी में आ जाती थीं। जब भी 100 करोड़ी फिल्मों की बात होती है तो 2000 के दशक में आईं 'गजनी' और '3 इडियट्स' जैसी फिल्मों के नाम आते हैं। इन फिल्मों ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर ये आंकड़ा छुआ था, लेकिन आपको जानकर हैरानी होगी कि पहली 100 करोड़ी फिल्म 80 के दशक में रिलीज हुई थी।



***डिस्को डांसर के बिके थे 12 करोड़ से ज्यादा टिकट :*** आपको बता दें कि ये फिल्म कोई और नहीं बल्कि बब्बर सुभाष के निर्देशन में बनी 'डिस्को डांसर' थी, जिसने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 100 करोड़ का आंकड़ा पार किया था। ये पहली बॉलीवुड फिल्म रही, जिसने यह उपलब्धि हासिल की। डिस्को डांसर की लोकप्रियता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इसके 12 करोड़ टिकट्स बिके थे। इसी के साथ डिस्को डांसर की वर्ल्ड वाइड कमाई लगभग 100.68 करोड़ रुपये तक पहुंच गई थी। फिल्म ने विदेशी कमाई के मामले में सारी फिल्मों को पीछे छोड़ दिया, 1984 में रूस में लगभग 60 मिलियन रूबल (लगभग 94.28 करोड़ रुपये) का कलेक्शन किया।

# डिलेवरी बॉय से लेकर एसटीडी बूथ तक में किया काम


**मुंबई।** बॉलीवुड फिल्मों में हीरो बनने का सपना लाखों एक्टर देखते हैं। लेकिन कुछ ही जुनूनी एक्टर्स का ये सपना सच हो पाता है। ऐसा ही एक जुनूनी अभिनेता है जिसने एक्टर बनने से पहले डिलेवरी बॉय के तौर पर काम किया। इतना ही नहीं एसटीडी फोन बूथ पर बतौर ऑपरेटर नौकरी की और क्लब्स में भी रोजगार तलाशते रहे। लेकिन जब हीरो बने तो धमाका कर दिया। अब इसी हीरो की फिल्म ने स्टारकिड्स जुनैद खान और खुशी कपूर की फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर पटखनी दे डाली। हम बात कर रहे हैं 'सनम तेरी कसम' के हीरो 'हर्षवर्धन राणे' की।

***सनम तेरी कसम ने दुबारा रिलीज पर तोड़ा रिकॉर्ड :*** बॉलीवुड एक्टर हर्षवर्धन राणे की फिल्म 'सनम तेरी कसम' 9 साल बाद सिनेमाघरों में दोबारा रिलीज हुई तो बॉक्स ऑफिस पर धमाका कर गई। इस फिल्म ने दोबारा रिलीज होने पर अपनी पहली कमाई को पछाड़ दिया। इतना ही नहीं आमिर खान के लाडले जुनैद खान और बोनी कपूर की बेटी खुशी कपूर की फिल्म 'लवयापा' की कमाई को भी पीछे छोड़ दिया लेकिन हर्षवर्धन के लिए यहां का सफर आसान नहीं रहा है।

***डिलेवरी बॉय सहित कई जगह की नौकरी:*** इसके लिए हर्षवर्धन ने अपने स्ट्रगलिंग दिनों में डिलेवरी बॉय के तौर पर भी नौकरी की है। इसका खुलासा भी खुद हर्षवर्धन ने जॉन अब्राहिम के साथ मुलाकात का किस्सा सुनाते हुए किया था। हर्षवर्धन ने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए बताया था, 'मेरे शुरुआती दिनों में मैंने कई तरह की नौकरियां की हैं। 2004 में मैंने एक एसटीडी बूथ में बतौर ओपरेटर की नौकरी की जहां मुझे दिनभर की कमाई में 10 रुपये मिला करते थे। इसके बाद मैंने साइबर कैफे में भी काम किया जहां मेरी तनख्वाह दिन की डबल यानी 20 रुपये हो गई थी।

***जॉन अब्राहम के घर गया था डिलेवरी देने :*** इसके बाद मैंने डिलेवरी बॉय का काम संभाला और मुझे जॉन अब्राहिम से मुलाकात का मौक भी मिला। मैं हैलमेट की डिलेवरी किया करता था और कंपनी ने जॉन अब्राहिम के यहां मुझे डिलेवरी के लिए भेजा था। जब मैं वहां पहुंचा तो जॉन अब्राहिम 10 मिनट बाद खुद मुझसे मिलने आए और मुझे शुक्रिया कहा। इतने बड़े स्टार की इस हम्बलनेस से मैं काफी प्रभावित हुआ था।'

***टीवी से की शुरुआत, मचाया जमकर धमाल :*** हर्षवर्धन ने अपने करियर की शुरुआत साल 2007 में आए टीवी सीरियल 'लेफ्ट राइट लेफ्ट' से की थी। इस सीरियल के बाद हर्षवर्धन ने साउथ की फिल्मों में काम तलाशना शुरू कर दिया। खास बात ये है कि हर्षवर्धन को साउथ की फिल्में भी मिलने लगीं। 2010 में हर्षवर्धन ने 'थकिता थकिता' नाम की साउथ फिल्म में काम किया। इसके बाद 2012 में 'ना इस्थाम' में अपनी एक्टिंग का जलवा दिखाया। इसके बाद ये सफर लगातार जारी रहा।



## री-रिलीज में स्टारकिड्स को पछाड़ा

हर्षवर्धन की फिल्म अब 2025 में पूरे 9 साल बाद सिनेमाघरों में रिलीज हुई तो तहलका हो गया और फिल्म ने 45 करोड़ रुपयों से ज्यादा की कमाई कर डाली। इतना ही नहीं हर्षवर्धन की फिल्म 'सनम तेरी कसम' ने बॉक्स ऑफिस पर स्टारकिड्स जुनैद खान और ख़ुशी कपूर की फिल्म 'लवयापा' को भी पछाड़ दिया है।

## नेशनल ब्रेवरी अवॉर्ड से की जा चुकी हैं सम्मानित

# 36 बच्चों की मां है 50 साल की ये हसीना, 600 करोड़ की प्रॉपर्टी को मार चुकी है ठोकर

***मुंबई।*** *बॉलीवुड में ऐसे कई स्टार हैं, जो अपनी अदाकारी के साथ-साथ अपने सोशल वर्क के लिए भी जाने जाते हैं। इनमें सोनू सूद से लेकर जॉन अब्राहम और दीया मिर्जा सहित कई नाम शामिल हैं। ये स्टार, अपने-अपने स्तर पर सोशल वर्क में अपना योगदान दे रहे हैं। इस लिस्ट में 90 के दशक की भी एक एक्ट्रेस का नाम शुमार है। इस एक्ट्रेस ने जब इंडस्ट्री में कदम रखा तो अपनी क्यूटनेस और डिंपल्स से हर किसी का दिल जीत लिया। जी हां, हम बात कर रहे हैं बॉलीवुड की डिंपल गर्ल प्रीति जिंटा के बारे में। क्या आप जानते हैं, प्रीति जिंटा एक-दो नहीं बल्कि 36 बच्चों की मां हैं। कैसे, चलिए बताते हैं।*



## 34 बच्चे बाल निकेतन के और 2 खुद के

प्रीति जिंटा ने साल 2016 में अमेरिकी बॉयफ्रेंड जीन गुडइनफ से शादी की थी, जिनके साथ वह अब विदेश में ही सेटल हो चुकी हैं। शादी के पांच साल बाद दोनों सरोगेसी के जरिए 2 जुड़वा बच्चों जय और जिया के पेरेंट बने। लेकिन, इससे पहले ही प्रीति 34 बच्चों की मां बन गई थीं। प्रीति जिंटा ने 2009 में अपने 34वें जन्मदिन पर खुद को बहुत प्यारा सा गिफ्ट दिया और ऋषिकेश के मदर मिरेकल अनाथालय की 34 अनाथ बच्चियों को गोद लेने का फैसला किया। इस तरह इन 34 अनाथ बच्चियों और अपने दो बच्चों के साथ प्रीति 36 बच्चों की मां बन चुकी हैं।

## 34 बच्चियों की पूरी परवरिश की ली जिम्मेदारी

प्रीति जिंटा ने एक पुराने इंटरव्यू में इन बच्चियों को गोद लेने की बात कही थी। इसी दौरान प्रीति ने कहा था कि वह हमेशा इन 34 बच्चियों की परवरिश का ख्याल रखेंगी। उनकी शिक्षा के खर्च से लेकर कपड़े, खाना और अन्य चीजों का खर्च भी वही उठाएंगी। प्रीति इन 34 बच्चियों को अपनी जिम्मेदारी मानती हैं और अक्सर अपनी इन बेटियों से मिलने ऋषिकेश जाती रहती हैं।



प्रीति विदेश में रहते हुए भी इन बच्चियों के खर्च और जिम्मेदारी का पूरा ध्यान रखती हैं।

## शाहरुख खान की फिल्म से किया था डेब्यू

बता दें, प्रीति जिंटा ने 90 के दशक में बॉलीवुड डेब्यू किया था। प्रीति की पहली फिल्म 'दिल' थी, जिसमें शाहरुख खान और मनीषा कोइराला लीड रोल में थे। इसके बाद प्रीति ने अपने करियर में एक से बढ़कर एक फिल्में कीं और बॉलीवुड के तमाम बड़े स्टार्स के साथ काम किया। उन्होंने अपने करियर में कई हिट फिल्में दीं, जिनमें 'क्या कहना', 'कोई मिल गया' और 'वीर जारा' शामिल हैं। प्रीति अपनी फिल्मों के साथ ही अपनी खूबसूरती, क्यूटनेस और डिंपल के लिए भी मशहूर हैं।

## 600 करोड़ की संपत्ति लेने से किया इंकार

प्रीति जिंटा को लेकर एक दिलचस्प किस्सा ये भी है कि उन्होंने विरासत में मिली 600 करोड़ की संपत्ति को ठोकर मार दी थी। दरअसल, अभिनेत्री को दिवंगत डायरेक्टर कमाल अमरोही के बेटे शानदार अमरोही अपनी बेटी की तरह मानते थे। यही नहीं, वे अपनी 600 करोड़ की संपत्ति प्रीति जिंटा को देना चाहते थे, लेकिन प्रीति ने इसे लेने से इनकार कर दिया। 13 की उम्र में अपने पिता को खो चुकीं प्रीति का तर्क था कि वह अपने जीवन में किसी को अपने पिता की जगह नहीं दे सकतीं और ना ही किसी की संपत्ति ले सकती हैं।

## खबर संक्षेप

### विदाई समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति

**गोहाना।** मंगलवार को गांव छिछड़ाना के राजकीय वमावि विदाई समारोह का आयोजन किया गया। 11 वीं कक्षा के विद्यार्थियों ने अपने सीनियर के सम्मान में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। प्रिया अहलावत पर्सनालिटी आफ दि ईयर, समीक्षा और दीपांशी मिस सीनियर, हिमांशी मिस फेयरवेल, वंदना और मेघा मिस डिलिजेंट, तनीष और दीपांशु को मिस्टर फेयरवेल चुना गया।

### विद्यालय में विजेताओं को किया सम्मानित

**गोहाना।** जिला स्तरीय बाल महोत्सव में गोहाना-जींद मार्ग स्थित ओम पब्लिक स्कूल (ओपीएस) ने 21 पुरस्कार जीते। सोमवार को स्कूल में विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। समारोह के लिए नेतृत्व स्कूल की एमडी निर्मल लाठर का रहा। अध्यक्षता प्राचार्य मनजीत खासा ने की जबकि संयोजन उप प्राचार्या रेखा बजाज का रहा। जिला बाल कल्याण परिषद सोनीपत ने प्रतियोगिता करवाई थी।

### विद्यार्थियों ने वैकल्पिक विषयों की परीक्षा दी

**सोनीपत।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की बोर्ड परीक्षाएं चल रही हैं। मंगलवार को 10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों ने वैकल्पिक विषयों की परीक्षा दी। इसी वजह से परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों की संख्या सामान्य से कम रही। परीक्षाएं सीसीटीवी की निगरानी में हो रही हैं।

### साइकिल चोरी करने का आरोपी गिरफ्तार

**सोनीपत।** कुंडली थाना सोनीपत पुलिस ने घर से साइकिल चोरी करने के आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित सन्नी उर्फ निक्कू निवासी नाहरा का है। एक महिला ने गत 16 फरवरी को शिकायत देकर बताया कि उसके घर से उसके बेटे की साइकिल को चोरी कर लिया। वारदात को उसके पड़ोसी ने अंजाम दिया है। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में कार्रवाई करते हुए सहायक उप निरीक्षक मनीष की टीम ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया।

### कार व दो-पहिया वाहन चोरी, शिकायत दर्ज

**सोनीपत।** सेक्टर-27 थाना क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों से कार व दो-पहिया वाहनों के चोरी होने का मामला सामने आया है। सेक्टर-12 निवासी विजय ने बताया कि उसकी कार घर के बाहर से चुरा ली। वहीं, जिंदल यूनिवर्सिटी में फर्नीचर का काम करने आए मिस्त्री की बाइक चोरी हो गई। उत्तर प्रदेश जिला बागपत के रामलाल ने पुलिस को इस बारे में शिकायत दर्ज करवाई थी।

### घर से नकदी, जेवर और मोबाइल चोरी

**गोहाना।** गांव जौली के महावीर के घर में चोरों ने सेंध लगाकर नकदी, जेवर व मोबाइल चोरी कर लिए। सदर थाना गोहाना में मामला दर्ज किया गया। उसने पुलिस के बताया कि 15 फरवरी को उसके घर में चोरी हुई। चोर मोबाइल, 2.30 लाख रुपये और जेवर चोरी कर ले गए। उसने पुलिस से चोरों को पकड़ कर सामान बरामद करने की गुहार लगाई।

# पॉलिथीन के खिलाफ चलाया अभियान, पचास लाख इकट्ठा करने का लक्ष्य

## रेलवे लाइन किनारे से शुरूआत, इससे पहले महाकुंभ में मुहिम का आगाज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

युवा अगर चाहे तो अपनी जिद से कुछ भी बदल सकते हैं। ऐसी ही एक जिद अजय पांचाल और उनकी टीम ने की है। जिद है पॉलिथीन मुक्त अभियान की। जिसका श्रीगणेश पिछले दिनों अजय पांचाल और टीम ने प्रयागराज में महाकुंभी के दौरान किया था। अब इसी अभियान के तहत जिले में भी पॉलिथीन के खिलाफ काम शुरू कर दिया गया है।

जिसके तहत रेलवे लाइन किनारे पड़े कचरे से पॉलिथीन इकट्ठा किए।

■ अजय पांचाल ने बताया कि उनकी यह मुहिम लगातार जारी रहेगी। लोगों को एकजुट करेंगे

■ शहरवासियों को पॉलिथीन से होने नुकसान के बारे में बता रहे, कपड़े के बैग भी वितरित कर रही टीम

अजय पांचाल ने बताया कि उनकी यह मुहिम लगातार जारी रहेगी। जिसके तहत न सिर्फ पॉलिथीन इकट्ठा कर रहे हैं, बल्कि लोगों को भी पॉलिथीन से होने वाली हानियों से अवगत कराते हुए इससे दूरी बनाने और कपड़े के थैले का प्रयोग करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

### गोवंश को नुकसान पहुंचा रहा

अजय पांचाल व उनकी टीम से अजय, मनीष, निशांत, सन्नी, पंकज व ईशांत ने रेलवे लाइन किनारे पॉलिथीन मुक्त अभियान चलाया। अजय ने बताया कि रेलवे लाइन किनारे पड़े कूड़े में बड़ी मात्रा में पॉलिथीन मिल रही हैं। कचरे में गोवंश भी पेट भरने के लिए मुंह मारते रहते हैं। पॉलिथीन निगलने से कई गोवंश काल का ग्रास भी बन चुके हैं, गोवंश की रक्षा करने के लिए ही रेलवे लाइन किनारे यह अभियान तेजी से चला रहे हैं। साथ ही लोगों को पॉलिथीन का प्रयोग न करने के लिए जागरूक कर रहे हैं।

पॉलिथीन मुक्त अभियान के संचालक एवं ब्रह्म कॉलोनी निवासी अजय पांचाल ने बताया कि उन्होंने व उनकी टीम ने प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ मेले में गंगा स्नान कर अभियान की शुरूआत की थी। जिसके तहत 50 लाख पॉलिथीन इकट्ठा करने का लक्ष्य रखा गया है। लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए वह लगातार अभियान चला रहे हैं। उन्होंने पहले महाकुंभ मेले में संगम घाट पर अभियान चलाते हुए एक हजार कपड़े के थैले बांटे थे, उसके बाद से टीम लगातार विभिन्न स्थानों से पॉलिथीन एकत्रित कर रही है।

## गन्नौर राजकीय कॉलेज: टीचिंग व नॉन टीचिंग स्टाफ का एक भी पद नहीं

# शिक्षा विभाग की अनदेखी : केवल चार प्रोफेसर के सहारे चल रहा महाविद्यालय

ना तो चौकीदार है और न ही सफाई कर्मचारी, बिना सफाई के प्रतिदिन क्लास में बैठने को मजबूर है विद्यार्थी

## स्टाफ की कमी के कारण छात्रों की पढ़ाई में समस्या पैदा हो रही






**गन्नौर।** कॉलेज का भवन व क्लास रूम में बैंचो के नीचे पड़ी गंदगी। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

गन्नौर के राजकीय कॉलेज में उच्चतर शिक्षा विभाग की अनदेखी के कारण आज तक टीचिंग व नॉन टीचिंग स्टाफ का एक भी पद स्वीकृत नहीं हुआ है, जिस कारण हालत यह है कि पढ़ाई में सप्ताह के 6 दिन में स्थाई रूप से एक भी प्रोफेसर ऐसा नहीं है कि जो सप्ताह के पूरे 6 दिन आता हो। तीन-तीन दिन को डिवाइड करके इधर-उधर से छात्रों को पढ़ाने के लिए प्रोफेसर की व्यवस्था की गई है। स्टाफ की कमी के कारण छात्रों की पढ़ाई में समस्या पैदा हो रही है। कॉलेज में इस समस्या को लेकर गंभीरता से इसके लिए प्रयास करने वाला भी कोई नहीं है। क्योंकि कॉलेज का अतिरिक्त प्रभार भी राजकीय कॉलेज भैंसवाल के प्राचार्य सूरज प्रकाश यादव के पास है। इसके चलते एक साथ दो कॉलेज की व्यवस्था को संभालने में भी काफी दिक्कत रहती है। कॉलेज में प्राचार्य या स्थाई पोस्ट पर प्रोफेसर की भी नियमित नियुक्ति आवश्यक है। करीब 250 छात्रों को संभालते हैं दिन में केवल चार प्रोफेसर, छात्रों का भविष्य अंधकार में उच्चतर शिक्षा विभाग की अनदेखी के चलते गन्नौर के कॉलेज में हालात यह है कि करीब 250 छात्रों को पढ़ने के लिए एक दिन में केवल चार प्रोफेसर ही तैनात रहते हैं। सप्ताह के पहले 3 दिन विषय हिंदी, अर्थशास्त्र ,कंप्यूटर व कॉमर्स के प्रोफेसर आते हैं , जबकि वीरवार शुक्रवार व शनिवार को ज्योग्रफी ,अंग्रेजी, राजनीतिक विज्ञान व इतिहास का प्रोफेसर आता है। छात्रों का कहना कि इस तरह से जोड़-तोड़ करके पढ़ाई करने में उनका भविष्य खराब हो रहा है। अगर यही हाल रहा तो वह नए शैक्षणिक सत्र से दूसरे कॉलेज में प्रवेश के लिए मजबूर हैं।

### चोरी का अंदेशा

कॉलेज में न तो सफाई कर्मचारी है जिस कारण छात्र बिना सफाई के ही प्रतिदिन अपनी कक्षा में बैठने को मजबूर हैं। कॉलेज में चौकीदार भी नहीं है जिस कारण रात के समय चोरी का अंदेशा रहता है। कॉलेज में क्लर्क भी नहीं। इसके अलावा प्राचार्य से लेकर टीचिंग व नॉन टीचिंग का एक भी पद आज तक विभाग ने स्वीकृत नहीं किया है।

### कैसे होगी बेहतर पढ़ाई: प्राचार्य

कॉलेज का अतिरिक्त कार्यभार देख रहे भैंसवाल कॉलेज के प्राचार्य सूरज प्रकाश यादव ने बताया कि कॉलेज में एक भी पद स्वीकृत नहीं है। वे जहां कार्य करते है वहां सेवादार का पद प्लस है और उन्होंने उक्त कॉलेज से गन्नौर कॉलेज में भेजने के लिए भी विभागको भी लिखा है लेकिन कोई समाधान नहीं हो रहा। कॉलेज में एक भी प्रोफेसर ऐसा नहीं है कि जो पूरे सप्ताह के सभी दिन पढ़ाई करवाता हो। प्रोफेसर के तीन-तीन दिन डिवाइड करके पढ़ने की व्यवस्था की गई है।

### नहीं चली कोई प्रक्रिया

कॉलेज के प्राचार्य सूरज प्रकाश ने बताया कि उनके पास ऐसा कोई पत्र नहीं आया है कि जिसमें कॉलेज के नए भवन के लिए कोई सूचना आई हो। पहले नगर पालिका जमीन विभाग के नाम करवाएगी उसके बाद कॉलेज के नए भवन का निर्माण होगा वह प्रक्रिया तो अभी काफी दूर है।



**सोनीपत।** अधिकारियों को मांग पत्र सौंपते हुकटा के पदाधिकारी एवं सदस्यगण।

# सेवा सुरक्षा की कार्यवाही की रिपोर्ट को जल्द जमा करवाएं अधिकारी

■ मुख्यमंत्री सैनी के संत कीर कुटीर में पहुंचें एसोसिएशन के पदाधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

हरियाणा यूनिवर्सिटीज कांट्रैक्चुअल टीचर्स एसोसिएशन, हरियाणा (हुकटा) के प्रतिनिधि मंडल ने चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से संत कबीर कुटीर में सेवा सुरक्षा की कार्यवाही की रिपोर्ट को जल्द से जल्द जमा करवाने के लिए मुलाकात की। उन्होंने बताया कि स्थायी भर्ती प्रक्रिया खुलने से प्रतिदिन रोजगार खोने का जो खतरा विश्वविद्यालय में पहले से कई वर्षों से कार्यरत अस्थायी सहायक प्राध्यापकों एवं उनके परिवारों के सिर पर मंडराता रहता है, वो भी खत्म हो जाएगा। वर्तमान सरकार द्वारा विश्वविद्यालयों से संबंधित महाविद्यालयों के गेस्ट टीचरों व एक्सटेंशन लेक्चरर की तर्ज पर विश्वविद्यालयों के अनुबंधित सहायक प्रोफेसरों को भी रोजगार की सुरक्षा की गारंटी मिल जाएगी। प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व कर अध्यक्ष विजय मलिक व हरनेक सैनी ने मुख्यमंत्री व उच्च अधिकारियों को बताया कि मुख्यमंत्री जनसंवाद की 28 दिसंबर की कार्यवाही की रिपोर्ट में उच्चत्तर शिक्षा विभाग ने विश्वविद्यालयों में 1443 अनुबंधित सहायक प्रोफेसरों से संबंधित सेवा सुरक्षा प्रदान करने के मामले की जांच करने के लिए 2 महीने पहले एक समिति का गठन किया गया था लेकिन कमेटी की रिपोर्ट आज तक सबमिट नहीं होने के कारण सेवा सुरक्षा का ड्राफ्ट व अन्य महत्वपूर्ण आगामी कार्यवाही नहीं हो पाई है। बल्कि इस रिपोर्ट के लिए शिक्षा विभाग द्वारा रिमाइंडर भी आ चुके हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह ने भरोसा दिलाया और अधिकारियों को निर्देश भी दिए कि सेवा सुरक्षा की कार्यवाही की रिपोर्ट को जल्द से जल्द जमा करवाओ ताकि इनको सेवा सुरक्षा मिल सकें। इसी क्रम में रेवाड़ी विधायक श्री लक्ष्मण यादव एवं बीजेपी प्रवक्ता कृष्ण ढुल ने प्रतिनिधि मंडल को मुख्यमंत्री कार्यालय के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर, उप प्रधान सचिव डॉ. यशपाल, उच्चतर शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव विनीत गर्ग आदि से मिलवाया और सबसे हमारे लिए सेवा सुरक्षा विधानसभा सत्र में करने वाली फ़ाइल की रिपोर्ट व ड्राफ्ट पर काम करने की अपील की।

### वीडियो मेकिंग कंपीटिशन में अलंकृता अव्वल

**सोनीपत।** जीवीएम गर्ल्स कालेज की एनएसएस की छात्रा अलंकृता त्यागी ने नेशनल लेवल वीडियो मेकिंग कंपीटिशन में प्रथम स्थान हासिल किया है। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने अलंकृता को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। जीवीएम की एनएसएस इकाई की कार्यक्रम अधिकारी रूचिका विरमानी ने बताया कि वैश्य कालेज भिवानी के तत्वावधान में नेशनल लेवल वीडियो मेकिंग कंपीटिशन का आयोजन किया गया, जिसके परिणाम अब घोषित किये गये हैं। प्रतियोगिता में जीवीएम की बीए तृतीय वर्ष की छात्रा अलंकृता त्यागी ने भी हिस्सा लिया, जिन्होंने एनएसएस से संबंधित गतिविधियों और अनुभवों को प्रदर्शित किया। उनके बेहतरीन रचनात्मक एवं प्रेरणात्मक वीडियो को प्रथम पुरस्कार के लिए चुना गया, जिसके लिए उन्हें नगद पुरस्कार सहित प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कालेज की प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह व एनएसएस अधिकारी रूचिका विरमानी ने अलंकृता का कालेज में विशेष अभिनंदन किया।



**सोनीपत।** विजेता छात्रा के साथ प्राचार्या एवं अन्य। फोटो :हरिभूमि



**गोहाना।** कार्यक्रम में प्रतिभागियों को योजनाओं की जानकारी देते हुए अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### योजनाओं का लाभ उठा आधुनिक खेती करें

**गोहाना।** कृभको द्वारा सोमवार को शहर में सोनीपत मार्ग स्थित कृषि एवं किसान कल्याण विभाग कार्यालय में ग्रुप डिस्कशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रतिभागियों को योजनाओं की जानकारी दी गई। मुख्य वक्ता कृषि एवं किसान कल्याण विभाग गोहाना के एसडीओ डॉ. राजेंद्र प्रसाद मेहरा ने कहा कि किसान सरकार द्वारा खेती संबंधी योजनाओं का लाभ उठाकर आधुनिक खेती करें। डॉ. मेहरा ने किसानों को मेरी फसल मेरा ब्यौरा, राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन और मृदा स्वास्थ्य जांच संबंधी योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में कृभको की ओर से करनाल से वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रबंधक जवर सिंह और सोनीपत से कृभको के क्षेत्रीय प्रबंधक देवेश यादव ने कृभको के प्रमुख कार्यक्रमों व उत्पादों कम्पोस्ट, शिवारिका व जैविक उत्पादों बारे जानकारी दी।

### महान संत-विचारक थे स्वामी रामकृष्ण परमहंस

**गोहाना।** सेक्टर 7 स्थित भगवान परशुराम आश्रम में स्वामी विवेकानंद के गुरु स्वामी रामकृष्ण परमहंस की 169वीं जयंती मनाई गई। समारोह में नागरिकों ने स्वामी रामकृष्ण के चित्र पर पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि दी। मुख्य वक्ता आश्रम के संचालक सुभाष शर्मा ने कहा स्वामी रामकृष्ण परमहंस भारत के महान संत आध्यात्मिक गुरु एवं विचार थे। स्वामी ने सभी धर्मो की एकता पर जोर दिया। उन्हें बचपन से ही विश्वास था कि ईश्वर के दर्शन हो सकते हैं। ईश्वर की प्राप्ति के लिए उन्होंने कठोर साधना और भक्ति का जीवन बिताया। जयंती समारोह की अध्यक्षता आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा के मुख्य संरक्षक आजाद सिंह दांगी ने की। कहा स्वामी रामकृष्ण मानवता के पुजारी थे। साधना फलस्वरूप वह इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि संसार के सभी धर्म सच्चे हैं और उनमें कोई भिन्नता नहीं है। वे ईश्वर तक पहुंचने के भिन्न-भिन्न साधन मात्र हैं। समारोह में धर्मराज शर्मा, राजकुमार शर्मा, बिजेंद्र भारद्वाज, पीनू शर्मा, प्रदीप पन्नू, सीताराम शर्मा, सोनू मलिक, जगफूल पटवारी, साहब सिंह, दीपक, राहुल व सुभाष भारद्वाज उपस्थित रहे।



स्वामी रामकृष्ण परमहंस के चित्र पर पुष्प अर्पित करके नमन करते।



**गोहाना।** प्रो. जितेंद्र सिंह सिक्का को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए।

### गणित विषय में रोजगार की अपार संभावनाएं

**गोहाना।** भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय, खानपुर कलां के गणित विभाग में राष्ट्रीय गणित दिवस एवं महान गणितज्ञ श्रीनिवासा रामानुजन के 137वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में दो दिवसीय विस्तारक व्याख्यान शुरू हो गया। हरियाणा काउंसिल फॉर साइंस इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी हरियाणा सरकार द्वारा प्रायोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय रोहतक के गणित विभाग के अध्यक्ष वरिष्ठ प्रो. जितेंद्र सिंह सिक्का ने किया। विशिष्ट अतिथि पानीपत के जिला शिक्षा अधिकारी राकेश बूरा व महिला विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. शिवालिक यादव थे। अध्यक्षता गणित विभाग के अध्यक्ष डॉ. सुनील सांगवान ने की। राकेश बूरा ने कहा कि गणित बहुत ही रुचिकर व महत्वपूर्ण विषय है। गणित विषय में रोजगार की अपार संभावनाएं है। वे बोले कि विद्यार्थी परीक्षा देने हमेशा तैयारी के साथ जाएं। विवि की कुलपति प्रो. सुदेश ने अपने संदेश में कहा कि विद्यार्थी जीवन में सबसे जरूरी है अपने लक्ष्य का स्पष्ट निर्धारण। जब हम अपने लक्ष्य को पाने का जुनून पाल लेते हैं तो सफलता निश्चित रूप से मिलती है।

**मंथन** | नई नीतियां बनाने के लिए अतिरिक्त मुख्य सचिव ने उद्योगपतियों के साथ किया मंथन

# उन्नत कौशल के साथ आगे बढ़ाने में औद्योगिक इकाइयों का सहयोग जरूरी : एसीएस विनीत गर्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

हरियाणा की तकनीकी शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने और नई नीतियां बनाने के लिए उच्च शिक्षा हरियाणा के अतिरिक्त मुख्य सचिव विनीत गर्ग ने मंगलवार को उद्योगपतियों के साथ मंथन किया। इस दौरान उन्होंने उपस्थित औद्योगपतियों के साथ सुझाव सांझा किए कि वे किस प्रकार तकनीकी शिक्षा में बदलाव कर सकते हैं, जिससे हमारे बच्चे शिक्षा ग्रहण कर अपने कौशल के बल पर अच्छी कंपनियों में रोजगार



डीक्रस्ट में कार्यशाला के दौरान उपस्थित मुख्य सचिव साथ में उपायुक्त एवं अन्य।

प्राप्त कर सके। हरियाणा राज्य तकनीकी शिक्षा बोर्ड द्वारा बच्चों में कौशल को उन्नत करने के लिए सोनीपत व पानीपत के उद्योगपतियों के साथ दीनबंधू छोटूराम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय मुरथल (डीसीआरयूएसटी) में आयोजित कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए अतिरिक्त मुख्य सचिव विनीत गर्ग ने कहा कि तकनीकी शिक्षा प्राप्त करने वाले बच्चों को उन्नत कौशल के साथ आगे बढ़ाने में औद्योगिक इकाईयों का सहयोग जरूरी है। उन्होंने कहा कि वे सभी बताएं कि हमें तकनीकी शिक्षा में किस प्रकार के कोर्स शुरू करने की जरूरत है जिसकी आज विश्व मार्केट में सबसे ज्यादा जरूरत है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार उनके सुझाव पर कार्य करने और तकनीकी शिक्षा में परिवर्तन करने के लिए तैयार है ताकि उन्हें भी उन्नत कौशल वाले बच्चे मिलें और हमारे बच्चों को भी अपने आस-पास अच्छे रोजगार मिले। इस दौरान उपस्थित औद्योगपतियों ने अपने सुझाव दिए। इस दौरान उन्होंने पॉलिटेक्निक के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे बच्चों में कौशल को बढ़ावा देने के लिए औद्योगिक इकाईयों में विजिट करवाएं ताकि बच्चों को वर्तमान की जरूरतों का ज्ञान हो सके। उन्होंने कहा कि हमारे दोनों जिलों में विश्वविख्यात कंपनियां है तो ऐसे में अगर हमारे बच्चो वहां का विजिट करेंगे।



**गन्नौर।** विकास कार्यों की जानकारी लेते निगम आयुक्त हर्षित कुमार।

### निगम आयुक्त ने नगरपालिका का किया दौरा

**गन्नौर।** निगम आयुक्त हर्षित कुमार ने मंगलवार नगरपालिका कार्यालय का दौरा किया। निगम आयुक्त का नगरपालिका पहुंचने पर अध्यक्ष अरुण त्यागी ने बुके भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने सभी अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए उनके कामों की जानकारी ली। निगम आयुक्त ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि वे नगरपालिका की आय बढ़ाने के लिए जिम्मदारी से अपना काम करें। उन्होंने गृह कर, डेवलपमेंट चार्ज के बारे में विस्तृत जानकारी ली। अधिकारियों ने बताया कि इस संबंध में लोगों को नोटिस जारी किए जा रहे हैं। इस पर उन्होंने नोटिस देने के लिए अतिरिक्त कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए, ताकि बकाया गृह कर जल्द से जल्द जमा हो सके। इस दौरान उन्होंने नपा सचिव नीतिन वत्स से शहर की सफाई व्यवस्था की जानकारी ली। इस दौरान चेयरमैन ने बताया कि शहर में कूड़ा उठान का कार्य सुचारू रूप से चल रहा है, लेकिन सफाई कर्मियों की कमी के चलते वार्डों में स्वीपिंग का कार्य प्रभावित हो रहा है। उन्होंने निगम आयुक्त से सफाई कर्मियों की भर्ती करने की मांग की। निगम आयुक्त ने पालिका अभियंता जयदेव शर्मा व जेई सचिन कुमार से शहर में चल रहे विकास कार्यों की जानकारी ली।

**ग्राम पंचायत गुहणा**
**खण्ड व जिला सोनीपत (हरियाणा)**

**नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत गुहणा में दिनांक 24.02.2025 को सुबह 10 बजे स्थान ग्राम सचिवालय में 855 सफेदे, 140 कीकर, 2 विविध प्रकार के पेड़ कुल 997 पेड़ों की बोली खुले में की जाएगी। जिसकी सिक्यारिटी राशि 80000/- रूप होगी। सभी शर्तें मौके पर सुनाई जाएंगी।

**हस्ता/-सरपंच ग्राम पंचायत गुहणा, खण्ड सोनीपत**

## खबर संक्षेप



खरखौदा। उप तहसीलदार अशोक कुमार को मांग पत्र सौंपते ग्रामीण।

### मीटरों को बाहर किए जाने पर जताया रोष

**खरखौदा।** सिसाना गांव वासियों ने मंगलवार को उपमंडल कार्यालय में पहुंचकर घरों से बाहर किए जा रहे बिजली के मीटर की कार्रवाई को रोकने के मांग की। ग्रामीणों ने एसडीएम के नाम नायब तहसीलदार अशोक कुमार को मांग पत्र सौंपा। ग्रामीणों ने कहा कि उनके गांव के लोग जगमग गांव योजना से जुड़ना नहीं चाहते हैं। इसलिए उनके घरों से बिजली मीटर बाहर न निकाले जाएं। आजाद, राकेश, सावित्री, सुदेश, राजबीर, कृष्ण, प्रमिला, सरोज, इंद्रा, सरोज, ओमी, गीता, सुदेश, कमलेश, मुकेश, सुनीता आदि उपभोक्ताओं ने कहा कि बिजली निगम की तरफ से उनके गांव में आकर बिजली मीटर बाहर निकाले जा रहे हैं। यह कार्रवाई घर में पुरुषों के न होने पर भी की जा रही है। ग्रामीणों ने उपमंडल कार्यालय में पहुंचकर कहा कि वह इस योजना का लाभ लेना ही नहीं चाहते हैं, लेकिन इसके बावजूद उनके घरों से बिजली मीटर बाहर निकाले जा रहे हैं। ऐसे में गांव में इस कार्रवाई को लेकर रोष है। ग्रामीणों ने इस मांगपत्र के माध्यम से बिजली निगम की इस कार्रवाई पर रोक लगाने की मांग की है।

# नहरी पानी और मिट्टी चोरी बड़े घोटाले के लगाए आरोप

## सिंचाई विभाग के एक कर्मचारी ने बनाए थे वीडियो, अधिकारियों को दे चुके हैं शिकायत

- वीडियो सबूत के साथ दी गई शिकायत में आरोप लगाया कि हरियाणा की सीमा में नाहरी मेजर आरडी 9100 माइनर पर अवैध तरीके से करवाई जा रही पानी की चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



सोनीपत। ट्रैक्टर ट्राली के जरिये मिट्टी चोरी करते हुए।

सिंचाई विभाग में नहरी पानी और मिट्टी चोरी करते हुए बड़े घोटाले के आरोप लगाए गए हैं। यूनियन के कर्मचारी द्वारा इस संबंध में वीडियो भी बनाई है और सभी तरह के सबूतों के साथ एक कनिष्ठ अभियंता, किसान और मिट्टी माफिया पर मिलीभगत का आरोप लगाया है। इस संबंध में दिल्ली मंडल के अभियंता के अलावा सूचना परिमंडल के अध्यक्ष प्रमुख अभियंता को भी दी गई है। आरोप लगाया गया है कि लाखों रुपयों की मिट्टी चोरी करने के अलावा लाखों रुपये का पानी चोरी किया जा रहा है।

हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर यूनियन के प्रदेश उप महासचिव सिल्कराम मलिक और प्रदेश कोषाध्यक्ष राजेश धनखड़ ने जानकारी देते हुए बताया कि राजेश खनखड़ कैनल गार्ड के पद पर तैनात हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि दिल्ली मंडल जल सेवाओं के तहत पानी चोरी व नहर से अवैध तरीके से लाखों रुपये की मिट्टी चोरी की जा रही है। इस संबंध में वीडियो भी बनाई है, जिसमें पानी और मिट्टी चोरी होते हुए स्पष्ट तौर पर देखी जा सकती है। वीडियो सबूत के साथ दी गई शिकायत में आरोप लगाया कि हरियाणा की सीमा में नाहरी मेजर आरडी 9100 माइनर पर अवैध तरीके से पानी की चोरी करवाई जा रही है। उन्होंने बताया की एक तरफ तो दिल्ली पीने के पानी के लिए चिल्ला रही है।

दिल्ली के लगते किसानों तक पानी नहीं पहुंच रहा। यूनियन पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि वीडियो सबूत के साथ शिकायत दिल्ली मंडल अभियंता से की गई और सूचना परिमंडल के अध्यक्ष प्रमुख अभियंता को भी दी है, लेकिन अधिकारियों की मिलीभगत से इस संबंध में कोई कार्रवाई नहीं हो रही। किसी तरह की कार्रवाई ना होता देख यूनियन ने अब मामले को सार्वजिनक रूप से मीडिया में दी है।

### माइनर में अभी पानी नहीं चल रहा

कुंडली थाना में मिट्टी चोरी का मुकद्दमा दर्ज करवाने की लिये शिकायत दी है। माइनर में अभी पानी नहीं चल रहा। जब पानी चलेगा और चोरी होते हुए मिली तो उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

-मजनीत हुड्डा, एक्सईएन, सिंचाई विभाग

### जान का खतरा

यूनियन के जिला प्रधान देशराज नैन ने कहा कि मामले को उजागर करने वालों को अपनी जान माल का भी खतरा बना रहता है, क्योंकि यह एक माफिया गिरोह है जो मिट्टी बेचने का काम करता है। अवैध तरीके से पानी की चोरी करवाता है। यह लंबे समय से चला आ रहा है। यूनियन ने फैसला लिया है कि हम जिस संविधान की शपथ के तहत अपनी सेवाएं नहरी पानी चोरी को रोकने के लिए लेते हैं इसके बदले में जनता के गाड़ी खून पसीने की कमाई से जमा किया गया टैक्स के माध्यम से हम वेतन प्राप्त करते हैं हमारा जमीर नहीं मानता।




गन्नौर। परीक्षा के विजेताओं के साथ प्रचार्या राजेंद्र कौशिक व स्कूल स्टाफ।

## भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के विजेताओं को बांटे पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

नवज्योति शिक्षा सदन में मंगलवार को भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के विजेता विद्यार्थियों को किया गया। यह परीक्षा गायत्री तीर्थ शांतिकुंज, हरिद्वार द्वारा आयोजित की गई थी। जिसमें कक्षा 5वीं से 12वीं तक के 350 विद्यार्थियों ने भाग लिया। परीक्षा विद्यालय व ब्लाक स्तर पर आयोजित हुई, जिसमें आश्रम द्वारा अलग-अलग कक्षाओं के लिए प्रश्न पत्र प्रदान किए गए। इस परीक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति की समृद्ध विरासत से परिचित कराना है।

विजेता विद्यार्थियों को आश्रम द्वारा स्वर्ण, रजत व कांस्य पदक सहित नकद पुरस्कार दिए गए। प्राचार्य राजेंद्र कौशिक ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले को छात्र को क्रमशः 500, 300 व 200 रुपये प्रदान किए।

## निर्विरोध चुने राई बार एसो. के पदाधिकारी

**सोनीपत।** राई बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों का चयन निर्वविरोध होना तय हो गया है। प्रधान समेत पांचों पदों पर महज पांच उम्मीदवारों ने ही नामांकन किया है। ऐसे में नाम वापसी व स्कूटनी होने के बाद घोषणा की जाएगी। राई बार एसोसिएशन के चुनाव के लिए अधिवक्ता आनंद दहिया को रिटर्निंग अधिकारी व मनोज कौशिक व मनोज कुमार को एआरओ की जिम्मेदारी दी गई है। आनंद दहिया ने बताया कि पांच पदों पर सिर्फ पांच अधिवक्ताओं ने ही नामांकन किया है। जिसमें प्रधान पद पर निर्वतमान प्रधान संजय खरेटा, उप प्रधान पद के लिए राजकुमार गहलावत, सचिव पद के लिए अमित कौशिक उर्फ रामलाल, सहसचिव पद के लिए सुमित व खंजाची पद के लिए आकाश ने नामांकन किया है। राई बार एसोसिएशन के वरिष्ठ अधिवक्ता एवं आरओ आनंद दहिया, एआरओ मनोज कौशिक व मनोज कुमार ने कहा कि चयन निर्वविरोध हो सकेगा।



खरखौदा। सिसाना गांव में मौका निरीक्षण करते अधिकारी।

## अवैध कब्जों पर डीसी सख्त, सिसाना में गिरेंगे आशियाने, भेजे जाएंगे नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

- तालाबों के जुड़ाव वाले चैनल पर ग्रामीणों ने कर रखा है अतिक्रमण

उपायुक्त डा. मनोज कुमार के आदेश पर खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी आस्था गर्ग, पब्लिक हैल्थ एसडीओ सुदेश, बिजली निगम एसडीओ रवि कुमार की टीम ने पुलिस बल के साथ सिसाना में तालाब की गंदगी को दूर करने को निरीक्षण किया।

गांव का एक तालाब का दूसरे तालाब से जुड़ाव है। लेकिन इस जुड़ाव वाले चैनल पर ग्रामीणों ने अवैध कब्जे किए हुए हैं। जिससे दोनों तालाबों की कनेक्टिविटी बाधित हो रही है। परिणामस्वरूप बस्ती वाले जोहड़ का गंदा पानी गलियों व बस्ती में पहुंच जाता है। खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी आस्था गर्ग ने कहा कि जिन लोगों ने तालाब की जमीन पर कब्जे किए हुए हैं, उन्हें नोटिस देकर तुड़वाया जाएगा। इसी तरह से नाले गली में रैंप बनाने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। जांच के दौरान दो घर में बिजली चोरी भी मिली है। जिस पर जुर्माना लगाने के निर्देश दिए गए हैं।

तालाब में ग्रामीणों का रोजमर्रा का पानी जाता है। प्रशासन का मानना है कि वाटर सप्लाई का जो पानी आता है उस पर टूटियां नहीं है। वहीं बहुत से ग्रामीणों ने अपने घरों में अवैध रूप से समर्सिबल लगाए हुए हैं। उनसे व्यर्थ में पानी बहता है। जिसके चलते तालाब में पानी अधिक पहुंचता है। ऐसे लोगों पर अब प्रशासन कार्रवाई करेगा। जोहड़ किनारे जिन्होंने कब्जा किया है और निकासी में बाधा बने हुए हैं, उन्हें नोटिस देकर हटाया जाएगा।

## राजकीय महिला कॉलेज बैंकिंग उद्योग में नौकरी के अवसर पर व्याख्यान आयोजित

**सोनीपत।** राजकीय महिला महाविद्यालय सोनीपत के वाणिज्य विभाग द्वारा मंगलवार को 'बैंकिंग उद्योग में नौकरी के अवसर' विषय पर एक विस्तार व्याख्यान आयोजित किया गया था। इस आयोजन के पीछे का उद्देश्य बैंकिंग के क्षेत्र में नौकरी के नए विकल्पों के बारे में जागरूकता पैदा करना था। जतिंदर पाल सिंह अनेजा निदेशक, इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल बैंकिंग, सोनीपत चैप्टर (कौशल भारत के तहत पंजीकृत) को उपरोक्त विषय पर व्याख्यान देने के लिए आमंत्रित किया गया था। उन्होंने विशेष क्षेत्र में अपना अनुभव सांझा किया और छात्रों को स्नातक होने के बाद इस क्षेत्र में शामिल होने और उज्ज्वल भविष्य बनाने के तरीकों और तकनीकों के बारे में मार्गदर्शन किया। इस कार्यक्रम की आयोजक डॉ. वंदना नासा थीं। कार्यक्रम में डॉ. राजवंती, डॉ. रेखा और अन्य संकाय सदस्य मौजूद थे। डॉ. नरेश कुमार ने विद्यार्थियों को पढ़ाई के अलावा ऐसी गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया।





## हिंदू विद्यापीठ के विद्यार्थी ने किया दिल्ली भ्रमण, राष्ट्रीय संग्रहालय को भी देखा

**सोनीपत।** हिंदू विद्यापीठ के लगभग 100 विद्यार्थी अमृत उद्यान, राष्ट्रीय संग्रहालय और राजघाट देखने के लिए दिल्ली गए और इन स्थलो की यात्रा विद्यार्थियों के लिए बहुत ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक रही। इस यात्रा ने छात्रों का भारत की सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और प्राकृतिक धरोहर से परिचय कराया। अमृत उद्यान में दुर्लभ फूलों की सुंदरता और वातावरण में फैली खुशबू, स्टोन अबेकस, साउंड पाइप व म्यूजिक वॉल ने छात्रों को विशेष आकर्षित किया। इस प्राकृतिक सुंदरता का छात्रों ने बहुत आनंद लिया। राष्ट्रीय संग्रहालय में बच्चों ने इतिहास से जुड़े बहुत सारे तथ्यों को जाना। विद्यालय पहुंचने पर प्रधानाचार्य नरेंद्र कुमार ने विद्यार्थियों की यात्रा व उनके अनुभव के बारे में विद्यार्थियों से पूछा और कहा कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए हमें हमेशा नई चीजें सीखनी चाहिए और नए अनुभव प्राप्त करने चाहिए।

## अर्धनग्न हो उल्टी झाड़ू लेकर प्रदर्शन करेंगे सफाई कर्मचारी

- 5 फरवरी तक एक माह का और 15 फरवरी तक बकाया सारा वेतन देने का किया गया था वादा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

नगर पालिका कर्मचारी संघ सोनीपत इकाई के आह्वान पर ठेका सफाई कर्मियों की बैठक मंगलवार को नगर निगम पार्क में हुई। जिसमें कर्मियों ने शहर में बुधवार को अर्द्धनग्न होकर हाथों में उल्टी झाड़ू लेकर प्रदर्शन करने का निर्णय लिया। कर्मचारी नगर निगम कार्यालय से अर्धनग्न होकर जुलूस निकालते हुए बस अड्डे तक प्रदर्शन करेंगे। इकाई प्रधान भारत कंडेरा ने बताया कि पिछले महीने नगर निगम के संविदा सफाई कर्मियों ने हड़ताल की थी। निगम आयुक्त हर्षित कुमार के आश्वासन पर उन्होंने 22वें दिन हड़ताल को संपन्न किया था। उस समय उन्हें आश्वासन दिया गया था कि 5 फरवरी तक एक माह का वेतन दिया जाएगा। 15 फरवरी तक बकाया सारा वेतन दिया जाएगा। उसके बाद भी आज तक उन्हें वेतन जारी नहीं किया।

## कार्यशाला में हिस्सा लेकर लौटी शिक्षिका

- 10 अलग-अलग राज्यों के शिक्षक शामिल हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



सोनीपत। दस दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण में भाग लेकर लौटी शिक्षिका कविता अरोड़ा के साथ प्राचार्या किरण दलाल। फोटो : हरिभूमि

एनसीईआरटी ने 3 फरवरी से 13 फरवरी 2025 तक निष्ठा के तहत दस दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें 10 अलग-अलग राज्यों के शिक्षक शामिल हुए। ब्राइट स्कॉलर सीनियर सेकेंडरी स्कूल की शिक्षिका कविता अरोड़ा ने निष्ठा शैक्षिक स्तर तकनीकी स्तर-2 (100 घंटे) के तहत एनआरजी की क्षमता निर्माण पर केंद्रित कार्यशाला में भाग लिया। इस सतत व्यावसायिक विकास कार्यक्रम का उद्देश्य नवीनतम शैक्षणिक दृष्टिकोणों का पता लगाना था, जिसमें बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मकता सीखने के परिणामों का रचनात्मक और अनुकूली मूल्यांकन आदि शामिल है। कविता अरोड़ा अब एक संभावित एनआरजी प्रमाणित सदस्य हैं। वह डिजिटल शिक्षकों को बढ़ावा देकर और शैक्षिक परिणामों को बेहतर बनाने के लिए सामग्री, प्रौद्योगिकी और शिक्षण पद्धति को एकीकृत करने में दक्षताओं को बढ़ाकर राष्ट्र में योगदान देने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। ब्राइट स्कूल प्राचार्या किरण दलाल ने शैक्षिक उत्कृष्टता की उनकी यात्रा में उनकी निरंतर सफलता की कामना करते हुए उनको बधाई भी दी।

## एक राष्ट्र-एक चुनाव पर प्रतियोगिता

- छोटूराम आर्य महाविद्यालय में किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



सोनीपत। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर पौधरोपण करते हुए अतिथिगण साथ में स्टाफ।

एक राष्ट्र- एक चुनाव (वन नेशन-वन इलेक्शन) विषय पर छोटूराम आर्य महाविद्यालय में मंगलवार को अंतर महाविद्यालय वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। जिसमें पक्ष की भूमिका में जीवीएम कन्या महाविद्यालय की छात्रा अनुष्का तो विपक्ष की भूमिका में जाट कॉलेज रोहतक के जतिन अव्वल रहे। विजेता रहे विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. नरेंद्र खत्री ने पौधरोपण कर किया। उन्होंने प्रतियोगिता के उद्देश्यों से अवगत कराते हुए विद्यार्थियों को ऐसे आयोजनों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य डॉ. नरेंद्र सिंह, डॉ. सतपाल रवीश व कार्यक्रम संयोजिका एवं राजनीति विज्ञान विभाग समन्वयक डॉ. ऊषा दहिया ने विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। निर्णायक मंडल की भूमिका हिंदू कन्या महाविद्यालय की डॉ. नीलम देशवाल, अंग्रेजी विभाग की डॉ. उर्मिल हुड्डा व राजनीति विज्ञान विभाग से प्रो. कीर्ति ने निभाई। मंच संचालन प्रो. विक्रम तुषीर ने किया। डॉ. ऊषा दहिया ने बताया कि चुनावी व्यवहार में सुधार के लिए वन नेशन वन इलेक्शन को सफल बनाने के लिए मतदान करने की अनिवार्यता सुनिश्चित की जानी चाहिए। इस मौके पर डॉ. मुकेश कुमारी, प्रो. कीर्ति, डॉ. पूनम, प्रो. कविता, प्रो. संगीता, प्रो. रिंपी, प्रो. ज्योति, प्रो. अंजू दहिया मौजूद रही।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

### महाकुंभः आज के लिए भी दो बसें बुक

# प्रयागराज के लिए रोडवेज की दो लॉरी भेजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत




महाकुंभ मेले में आस्था की डुबकी लगाने को लेकर जिला वासियों में उत्साह व आस्था है। रोडवेज विभाग की तरफ से लोगों को महाकुंभ में स्नान करवाने के लिए बसों की बुकिंग करना शुरू कर दिया है। उसी के तहत दो रोडवेज की लॉरी मंगलवार को रवाना हो गई। आस्था के पर्व पर गंगा में डुबकी लगाने वालों ने बुधवार को प्रयागराज जाने के लिए दो बसों की सभी सीटें एक दिन पहले ही बुक कर ली है। ऐसे में अन्य सवारियों को आगामी दिन के लिए बुकिंग कराने का विकल्प दिया जा रहा है।

बता दें कि प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ मेले में आस्था की डुबकी लगाने की इच्छा रखने वाले जिलेवासियों को रोडवेज की तरफ से चलाई सीधी बस सेवा खूब रास आ रही है। महाकुंभ मेला जैसे-जैसे अपने अंतिम पड़ाव की तरफ बढ़ रहा है, वैसे-वैसे यात्रियों की संख्या तेजी से बढ़ती जा रही है। रोडवेज ने यात्रियों को बेहतर परिवहन सुविधा देते हुए बढ़ती संख्या के हिसाब से बसों की संख्या बढ़ाई है। जिससे यात्रियों ने राहत की सांस ली है। मंगलवार को बस अड्डे से प्रयागराज के लिए दो बसें रवाना की गई। विशेष बात यह है कि इन दोनों बसों की सभी सीटें सोमवार को ही बुक हो चुकी थी। ऐसे में बस अड्डे पर आने वाले यात्रियों ने अब बुधवार के लिए एडवांस बुकिंग करवाई है। रोडवेज अधिकारियों का कहना है कि प्रयागराज में 13 जनवरी से शुरू हुआ महाकुंभ मेला 26 फरवरी तक चलेगा। इसके लिए सोनीपत बस अड्डे पर 25 फरवरी तक बसों का परिचालन किया जाएगा।

### एडवांस बुकिंग हो चुकी

जिलावासियों को महाकुंभ में डुबकी लगवाने के लिए यात्रियों की संख्या बढ़ती जा रही है। उनकी आस्था देखने को मिल रही है। मंगलवार को प्रयागराज के लिए दो बसें रवाना की गई हैं, इन बसों की सभी सीटें सोमवार को ही बुक हो गई थी। बुधवार को भी दो बसें भेजी जाएंगी, जिनकी भी एडवांस बुकिंग हो चुकी है। प्रयागराज जाने वाले यात्रियों की संख्या के हिसाब से बसों का परिचालन किया जा रहा है। यात्रियों को बेहतर सुविधा देने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है।

**-सुरेंद्र दुग्गल**, संस्थान अधीक्षक, रोडवेज डिपो, सोनीपत

## ज्ञान गंगा मांटेसरी एंड मॉडल स्कूल में वार्षिकोत्सव बच्चों ने कार्यक्रमों की मनोहारी प्रस्तुति से मोहा मन



**सोनीपत।** ज्ञान गंगा मांटेसरी एंड मॉडल स्कूल, न्यू नंदवानी नगर (जी-2 ) में वार्षिकोत्सव 'अस्तित्व' का आयोजन किया गया। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक आकर्षक प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम को यादगार बना दिया। इससे पहले विद्यालय के चेयरमैन सुधीर जैन, सीईओ संजय जैन, डायरेक्टर ध्रुव जैन, ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल की प्राचार्या गीता चोपड़ा व ज्ञान गंगा मांटेसरी एंड मॉडल स्कूल की प्राचार्या मीनाक्षी खुराना ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस अवसर पर चेयरमैन सुधीर जैन ने कहा कि जब से मनुष्य का जीवन अस्तित्व में है तब से वह निरंतर उन मूल्यों की तरफ अग्रसर है, जिसे प्राप्त कर लेने पर उसका जीवन व्यवस्थित होने के साथ-साथ आत्मिक सौंदर्य से भी परिचित हो सके। वार्षिकोत्सव में छात्राओं ने गणेश वंदना व सरस्वती वंदना की भावपूर्ण प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया। छात्र-छात्राओं ने बचपन से लेकर वयस्क होने तक के जीवन काल को प्रभावी तरीके से प्रदर्शित किया। जीवन में माता-पिता व गुरुजनों के योगदान को जीवंत अभिनय के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। इस मौके पर अध्यापिका कविता, मंजू गांधी, कोमिला, पूनम, रोजी, मेघा, कोमिला, काजल, शालू, भावना, दिव्या, पूजा, नीरू, सीमा, ललिता, भव्या, रितिका, ज्योति, युक्ति, कविता नैन, मोनिका दूहन, अध्यापक सतीश, वेद प्रकाश गुप्ता सहित सभी स्टाफ मौजूद रहे ।